# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मण्डावर,जिला–दौसा

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्सजज<br>राज्य सरकार बनाम अन्जू<br>मु.नं. 34/24 | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मेंजारी हुए |
|---|---|---|
| | 27.5.25<br>पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी पक्ष उपस्थित। तहसीलदार बैजूपाडा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव प्रा.पत्र स्वीकार किया जाता है एवं उक्त रास्ते को राजस्व अभिलेख (जमाबंदी व नक्शा) में बिना [illegible] परिवर्तन किये गै.मु. रास्ता दर्ज करने के आदेश दिये जाते हैं। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखवाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।<br>उपखण्ड अधिकारी<br>मंण्डावर (दौसा) | |

# राजस्व न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा

पीठासीन अधिकारी : अमित कुमार वर्मा (आर.ए.एस.)

| मुकदमा संख्या | तारीख रज्जू | तारीख निर्णय |
|---|---|---|
| 34/2024 | 25.06.2024 | 27.05.2025 |

**बउनवान**

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार बैजूपाडा, दौसा।

..प्रार्थी

**बनाम**

1. अन्जू पुत्री रामकिशोर, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
2. अमरसिंह पुत्र बद्री, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
3. आरती पुत्री रामकिशोर, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
4. आशा पुत्री रामकिशोर, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
5. गोरंती पत्नी मुकेश कुमार, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
6. गोलमा पत्नी बद्री, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
7. फूलबाई पत्नी जगन्या, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
8. मुकेश पुत्र जगन्या, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
9. मेवा देवी पत्नी स्व. रामकिशोर, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
10. रमेश पुत्र जगन्या, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
11. राजकुमार पुत्र रामकिशोर, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
12. राजेन्द्र पुत्र बद्री, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
13. रामअवतार पुत्र जगन्या, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
14. रामस्वरूप पुत्र कजोड, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
15. रामस्वरूप पुत्र कजोडया, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।
16. सतीश पुत्र जगन्या, निवासी दुलावा, तहसील बैजूपाडा, दौसा।

..अप्रार्थीगण

**उपस्थित**

1. प्रार्थी – तहसीलदार बैजूपाडा।

**प्रार्थना पत्र बाबत स्थायी रूप से चालू रास्ते को राजस्व अभिलेख में अभिलिखित करने अन्तर्गत धारा 131 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 एवं राजस्थान भू–राजस्व (भू–अभिलेख) नियम 1957 के नियम 58, 59, 60, 66 एवं 86**

## निर्णय

1. तहसीलदार बैजूपाडा द्वारा राजस्थान सरकार द्वारा प्रभावी नियम व अधिसूचनाओं के अनुसरण में, राजस्व (ग्रुप–6) विभाग के परिपत्र कमांक –पं. 3(2) एवं भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 एवं भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम 58, 59, 60, 66 एवं 86 के तहत मौके पर स्थायी रूप से प्रचलित/चालू रास्तों को राजस्व अभिलेखों में अंकित करने बाबत् प्रस्ताव ग्राम दुलावा पटवार हल्का पून्दरपाडा तहसील बैजूपाडा जिला दौसा के ऑनलाईन जमाबन्दी संवत 2074–2077 अनुसार आराजी के खसरा सं. 183/0.33 किस्म चाही A में से 0.

उपखण्ड अधिकारी
मण्डावर (दौसा)

05 हैक्टे., 178/0.41 किस्म चाही A में से 0.02 हैक्टे. को सार्वजनिक प्रयोजनार्थ मौके पर प्रचलित रास्तों का उक्त भूमि गै.मु. रास्ता के रूप में राजस्व अभिलेख में दर्ज करने की अभिशंषा के साथ प्राप्त हुआ है।

2. प्रार्थना पत्र न्यायालय के क्षेत्राधिकार एवं श्रवणाधिकार का होने से दर्ज रजिस्टर किया गया। उक्त प्रस्तावित भूमि के निजी खातेदारों को अपना पक्ष दिनांक 16.07.2024 को प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किये गये।

3. प्राप्त प्रस्ताव में निर्धारित प्रपत्र के साथ संलग्न हल्का पटवारी मौका रिपोर्ट, नक्शा ट्रेस, जमाबन्दी आदि का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। तहसीलदार बैजूपाडा की रिपोर्ट के मुताबिक, उपरोक्त भूमि पर किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश प्रभावी नहीं है, उपरोक्त भूमि सार्वजनिक रास्ते के उपयोग में आ रही है, भूमि का संलग्न मानचित्र (नक्शा ट्रेस) में लाल स्याही से अंकित किया हुआ है। तहसीलदार बैजूपाडा ने इस प्रचलित रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किये जाने की अभिशंषा की है। उक्त खसरों के खातेदारों ने इस बावत अपनी सहमति प्रदान की है।

4. उपरोक्त विवेचन के आधार पर तहसीलदार बैजूपाडा के द्वारा प्रस्तावित आराजी खसरा सं. 183/0.33 में से 0.05 हैक्टे., 178/0.41 में से 0.02 हैक्टे. वाके राजस्व ग्राम दुलावा, पटवार हल्का पून्दरपाडा, तहसील बैजूपाडा जिला दौसा को मानचित्र एवं राजस्व रिकॉर्ड में गै. मु. रास्ता के रूप में दर्ज किया जाना उचित है।

## आदेश

5. राजस्थान सरकार के परिपत्र कमांक–पं.3(2) राज.–6/2008/पार्ट जयपुर दिनांक 10.08.2016 की अनुपालना में राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 एवं भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम 58, 59, 60, 66 एवं 86 के तहत प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तहसीलदार बैजूपाडा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाता है एवं खातेदार की सहमति के आधार पर आदेश दिये जाते है कि तहसीलदार बैजूपाडा द्वारा प्रस्तावित मौके पर सार्वजनिक प्रयोजनार्थ रास्ते हेतु ग्राम दुलावा पटवार हल्का पून्दरपाडा तहसील बैजूपाडा जिला दौसा के ऑनलाईन जमाबन्दी संवत 2074–2077 अनुसार, आराजी खसरा सं. 183/0.33 किस्म चाही A में से 0.05 हैक्टे., 178/0.41 किस्म चाही A में से 0.02 हैक्टे. को राजस्व अभिलेख (जमाबन्दी व नक्शा) में बिना टाईटल परिवर्तन किये गै.मु. रास्ता दर्ज करने के आदेश दिये जाते है। नक्शा ट्रेस इस आदेश का भाग होगा। तहसीलदार बैजूपाडा को पालनार्थ तहरीर जारी हो।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मण्डावर (दौसा)

(अमित कुमार वर्मा) R.A.S.
उपखण्ड अधिकारी
मण्डावर (दौसा)

उपखण्ड अधिकारी
मण्डावर (दौसा)

6. यह आदेश राज्य सरकार के प्रभावी नियमों एवं अधिसूचनाओं के आधार पर दिनांक 27.05.2025 को सरे इजलास सुनाया गया।

(अमित कुमार वर्मा) R.A.S.
उपखण्ड अधिकारी
मण्डावर (दौसा)

उपखण्ड अधिकारी
मण्डावर (दौसा)